नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 पहली डेंगू वैक्सीन को मिली मंजूरी



6 नासिक प्रकरण से जनविश्वास को आघात



7 एफपीआई ने की भारी पूंजी निकासी



8 अय्यर को तुरंत भारतीय टी20 में जगह मिलनी चाहिए

# कमांडर सहित 150 आतंकी ढेर

## 24 घंटे में हिजबुल्लाह के 300 ठिकानों पर बरपा कहर

**तेल अवीव, 19 अप्रैल. इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिनों के सीजफायर पर सहमति बन चुकी है. इसके बावजूद झड़पों की खबरें सामने आ रही हैं. इजरायल का कहना है कि दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकी 'येलो लाइन' के पास आने की कोशिश कर रहे हैं जिसके बाद उन पर गोलीबारी की गई.**

इजरायली सेना के मुताबिक, सीजफायर समझौता लागू होने से पहले के 24 घंटों में हमने हिजबुल्लाह के 300 ठिकानों को निशाना बनाया. साथ ही 150 से ज्यादा हिजबुल्लाह आतंकी को मार गिराया. मारे गए आतंकियों में हिजबुल्लाह कमांडर अली रिदा अब्बास भी शामिल था.

हिजबुल्लाह कमांडर अली रिदा अब्बास इजरायली हमले में मारा गया. हिजबुल्लाह ने उसे बिंट जेबिल इलाके की जिम्मेदारी सौंपी थी और उसने इजरायल और



आईडीएफ के खिलाफ कई हमलों को अंजाम दिया था.

अमेरिकी सेना होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंगों की जांच के लिए समुद्री ड्रोन और दूसरी तकनीक का इस्तेमाल कर रही है, जिससे व्यापारिक जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू हो सके. रिपोर्ट के मुताबिक, सेना जल्द शुरुआती स्कैन कर सकती है. इसके बाद अगर कहीं बारूदी सुरंगें मिलती हैं, तो उन्हें नष्ट करने के लिए सी रोबोट भेजे जाएंगे. अमेरिकी नौसेना के पूर्व वाइस एडमिरल केविन डोनेगन के मुताबिक, इस इलाके के छोटे हिस्से की जांच कुछ दिनों में की जा सकती है, वो भी बिना चालक वाले पानी के अंदर चलने वाले वाहनों की मदद से.


### ट्रंप ने बुलाई हाई-लेवल बैठक

होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया गया है. भारतीय जहाजों पर हमले और ईरान के साथ जारी बातचीत के बीच अमेरिका में हलचल तेज हो गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार सुबह व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में हाई-लेवल बैठक बुलाई, जिसमें इस संकट और संभावित समझौते पर चर्चा की गई. स्थिति इसलिए और गंभीर मानी जा रही है क्योंकि मौजूदा युद्धविराम सिर्फ तीन दिन में खत्म होने वाला है.

### ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का हक नहीं : मसूद

तेहरान. ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है. पजशकियान ने कहा कि ट्रम्प कहते कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में. वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले? पजशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब सीजफायर की समय सीमा खत्म होने वाली है.

### एक नजर में



**दिनेश त्रिवेदी होंगे बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त**

**नई दिल्ली.** भारत सरकार की तरफ से एक बड़ा फैसला लिया गया है. दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में अपना नया उच्चायुक्त नियुक्त कर दिया गया है. ये फैसला ऐसे वक्त लिया गया है, जब भारत और बांग्लादेश के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा चल रही है. साथ ही दोनों देश अपने संबंधों को और सही और मजबूत बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं. पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता दिनेश त्रिवेदी की नियुक्ति को राजनीतिक रूप से भी बहुत ही ज्यादा अहम माना जा रहा है. पश्चिम बंगाल की राजनीति को ध्यान में रखते हुए इसको बीजेपी का एक रणनीतिक कदम भी माना जा रहा है.



## टीएमसी ने बंगाल की बहनों को धोखा दिया : पीएम मोदी

**कोलकाता, 19 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के गिरने को लेकर रविवार को टीएमसी कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराते हुए जोरदार हमला बोला.**

बंगाल के बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने विशेषकर टीएमसी को निशाने पर लेते हुए कहा कि उसने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर बंगाल की बहनों के साथ एक और धोखा किया है. पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की पहचान ही महिला सशक्तिकरण से है, महिला सुरक्षा से है, इसीलिए देश के हर राज्य में बहन-बेटियां भाजपा को सबसे अधिक आशीर्वाद देती हैं. हम चाहते हैं कि विकसित भारत बनाने में बेटियों की भूमिका का विस्तार हो, राजनीति में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियां आएं, लेकिन आपने देखा होगा कि संसद में क्या हुआ. टीएमसी ने बंगाल की बहनों के साथ एक और धोखा किया है. बंगाल की महिलाएं 33 प्रतिशत आरक्षण चाहती थीं.

( शेष पेज 9 पर )

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाके से 17 की मौत

**विरुधुनगर, 19 अप्रैल.** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को भीषण धमाका हो गया है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यहां दर्दनाक हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. कई लोग बुरी तरह घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जबकि कुछ लोगों के अभी भी इमारत के मलबे में दबे होने की आशंका भी है, जिन्हें बचाने का काम जारी है.

जानकारी के मुताबिक, धमाके की तीव्रता के चलते फैक्ट्री के आसपास की बिल्डिंग्स तक की दीवारों में भी दरार आ गई है.



राहत बचाव की टीम मलबे में दबे लोगों को निकालने के काम में जुटी हुई है. हालांकि, अभी तक ये नहीं पता चल पाया है कि फैक्ट्री में इतनी भीषण तीव्रता वाला धमाका हो गया. इमारत के कुछ हिस्सों के ढहने के बाद मलबे में अतिरिक्त श्रमिकों के फंसे होने की आशंका के मद्देनजर आपातकालीन टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है.

## भारत-रूस में रक्षा समझौता

### एक-दूसरे की जमीन पर 3000 हजार सैनिक करेंगे तैनात

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल. भारत और रूस के बीच रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट रक्षा समझौता अब लागू हो गया है. इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तक तैनात कर सकेंगे. साथ ही 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमानों की तैनाती की भी अनुमति दी गई है.**

दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, एयरबेस और बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकेंगी, जिससे लंबे समय तक सैन्य तैनाती और ऑपरेशन आसान होंगे. डील में लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है. इसके तहत ईंधन, पानी, मरम्मत, तकनीकी संसाधन और अन्य जरूरी सप्लाई उपलब्ध कराई जाएंगी. वहीं, विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल और फ्लाइट से जुड़ी सेवाएं भी मिलेंगी. यह समझौता फरवरी 2025 में साइन हुआ था और दिसंबर 2025 में रूस ने इसे मंजूरी दी. यह 5 साल के लिए लागू रहेगा, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है. हालांकि, यह समझौता युद्ध के लिए नहीं है. इसका इस्तेमाल केवल शांति के समय ट्रेनिंग, संयुक्त अभ्यास और लॉजिस्टिक सहयोग के लिए किया जाएगा. इस डील को भारत और रूस के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का अहम कदम माना जा रहा है, जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य तालमेल और सहयोग और बेहतर होगा.

## भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तरीय वार्ता आज से

**वॉशिंगटन, 19 अप्रैल.** भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देने के लिए सोमवार से वाशिंगटन डीसी में तीन दिवसीय उच्च स्तरीय वार्ता शुरू हो रही है. इस बैठक में दोनों देश एक महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की कोशिश करेंगे. भारतीय दल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन कर रहे हैं. इस टीम में लगभग एक दर्जन अधिकारी शामिल हैं, जिनमें सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के विशेषज्ञ भी हैं. अमेरिकी पक्ष की ओर से यूएसटीआरके अधिकारी चर्चा में शामिल होंगे. इस वार्ता का सबसे बड़ा पेंच अमेरिका में हाल ही में बदले शुल्क स्ट्रक्चर (को लेकर है. नया 10% शुल्क: अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 150 दिनों के लिए 10% शुल्क लागू कर दिया है.



For detailed T&C kindly visit your nearest deatersnip. Offers may vary subject to model and variant purchased. *All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without advance notice. Creative Visuausation, **Finance at the sole discretion of financier and may vary basis customer profile. For further information please contact your nearest NEXA dealer or the toll free number. ^Ex-Showroom Price of Baleno ₹ 5.99 lakh, Consumer Offer + Retail Support (-) ₹ 15 000, Scrappage Bonus (-) ₹ 25 000 = ₹ 5.59 lakh. The actual Effective Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. #For details on safety features, refer owner's manual. Features and accessories shown can vary by variant.



### गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले

**देहरादून.** उत्तराखंड में रविवार से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है. दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री और 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए. गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए. इस पूजा के खत्म होने के बाद आम लोगों मां गंगा के दर्शन कर पा रहे हैं. उधर, मां यमुनोत्री में कपाट खुलते ही काफी देर से दर्शन के लिए खड़े लोगों की भीड़ अब मंदिर की तरफ बढ़ती दिख रही है. वहीं, बाबा केदार की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है.

### इटली में गुरुद्वारे के बाहर फायरिंग में दो की मौत

**कोवो , 19 अप्रैल.** इटली के बर्गमो प्रांत के कोवो में भारतीय मूल के दो सिखों की रात के समय में गोली मारकर हत्या कर दी गई. यह हमला तब हुआ, जब वे लोग वैशाख के त्योहार पर गुरुद्वारे में मत्था टेकने गए थे और गुरुद्वारे से वापस निकल रहे थे. इस दौरान हमलावर ने उन पर फायरिंग कर दी. यह हमला आधी रात से कुछ मिनट पहले शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुद्वारा माता साहिब कौरजी के सामने वाले चौक में हुआ. मृतकों की पहचान कोवो निवासी 48 वर्षीय रागिंदर सिंह और एग्नाडेलो निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है. रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने गोली चलाई और फिर कार में बैठकर फरार हो गया.

**तैयारी** मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता

## भोपाल में आज निकलेगी आक्रोश रैली

**भोपाल, 19 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने रविवार को 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आधी आबादी को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत



आरक्षण दिलाने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम लेकर आए. कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा विरोध कर संसद में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को गिराना महिलाओं के अधिकारों के चीरहरण जैसा है. मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि 20 अप्रैल, सोमवार को भोपाल में बड़ी आक्रोश रैली व पदयात्रा निकाली जाएगी. इसी प्रकार से आने वाले दिनों में भाजपा संगठन सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर प्रदेश के अन्य बड़े जिलों, संभागों में आक्रोश रैली व पदयात्राएं निकालकर जनता तक अपनी बात पहुंचाएगी. ( शेष पेज 9 पर )

### इंडी गठबंधन की मानसिकता महिला विरोधी : खण्डेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल हमेशा से महिलाओं को अधिकार देने के पक्ष में नहीं थे. 'नारी शक्ति वंद अधिनियम' को लेकर लोकसभा में जो घटनाक्रम हुआ, वह सिर्फ एक संसदीय परंपरा नहीं बल्कि देश की आधी आबादी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय था. राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी मानसिकता महिला विरोधी है.